सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में हाथ धुलाई कार्यक्रम

आज दिनांक 30.11.17 को विश्व हाथ धुलाई प्रोजेक्ट के अंतर्गत सेंट मोन्टफोर्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की मैडम सुरेखा श्रीवास्तव, डिप्टी डाइरेक्टर , (प्रोजेक्ट) ने भागीदारिता की । उनके साथ राज्य मुख्यालय भोपाल से soc (G) श्रीमति चंद्रकांता उपाध्याय एवं soc (G) श्री प्रकाश दिसीरिया जी, श्रीमति उषा यादव संभागीय अधिकारी Asoc भी उपस्थित थे।

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलक्स जी एवं विद्यालय के स्काउट एवं गाइड प्रभारियों द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के राष्ट्रपति पुरूस्कार विजेता गाइडस द्वारा हाथ धाने का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही रवि सर (प्रोजेक्ट संचालक) ने भी बच्चों को एक छोटी सी कविता के साथ हाथ धोने की क्रिया का प्रदर्शन कर दिखाया । श्री प्रकाश दसोरिया जी सर ने सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में चल रहीं स्काउट/गाइड गतिविधियों की सराहना की । सुश्री सुरेखा मेम के द्वारा बच्चों को स्काउट/गाइड की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों की जानकारी दी गईं । उन्होने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।

अंत में प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी ने सब अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं साथ ही पुनः विद्यालय में आने के लिए आमंत्रण दिया। जिससे विद्यालय के स्काउट/गाइड आगे कुछ और नया सीख सके । इसी के साथ अंत में सभी को हाथ धोने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई।